Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the construction of new roads under Pradhan mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) and repair and maintenance of old roads in Aurangabad, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): धन्यवाद, सभापति महोदय ।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार के दो जिलों – औरंगाबाद और गया में है । दोनों ही जिले अति नक्सलवाद से प्रभावित हैं और प्रधानमंत्री जी ने देश के पिछड़े जिलों को विकसित करने के लिए जो एक स्कीम शुरु की है, जिसे एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स या आकांक्षावान जिले कहते हैं, उस सूची में भी इन दोनों जिलों का नाम है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं, और संयोग से, मेरा सौभाग्य है कि ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी यहां सदन में उपस्थित हैं, कि मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो साल से पहले जो सड़कें बनी थीं, गुणवत्ता में कमी के कारण और अनुरक्षण के अभाव के चलते उनकी स्थिति आज बदहाल है । नई सड़कों के निर्माण के लिए भी हाल-फिलहाल में कोई निविदा नहीं निकाली गई है । इसलिए मेरा क्षेत्र सड़क के मामले में अभी थोड़ा पीछे हो गया है । वैसे तो बिहार ही बैकवर्ड है, अभी रुडी जी चर्चा कर रहे थे । … (व्यवधान) मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं ।

माननीय सभापति: आपकी डिमाण्ड क्या है, वह बोलिए ।

SHRI SUSHIL KUMAR SINGH: Sir, I am concluding.

HON. CHAIRPERSON: Please put your demand.

श्री सुशील कुमार सिंह: सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी श्री गिरिराज सिंह जी से डिमाण्ड कर रहा हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में, जो उग्रवाद प्रभावित

जिले हैं, आकांक्षावान जिले हैं, वहां पीएमजीएसवाई के तहत नई सड़कों का निर्माण कराया जाए । इसके साथ ही साथ, वहां जो सड़कें बनी हुई हैं, उनके अनुरक्षण की कार्यवाही शीघ्र से शीघ्र और पूरी गुणवत्ता के साथ की जाए । साथ ही, छूटे हुए पुलों का भी निर्माण कराया जाए । धन्यवाद ।